82

संख्या 121 /पीएस/2020

प्रेषक,

डॉ0 पंकज कुमार पाण्डेय,
सचिव (प्रभारी),
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

1. समस्त जिला अधिकारी, उत्तराखण्ड।
2. समस्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक, उत्तराखण्ड।
3. समस्त मुख्य चिकित्साधिकारी, उत्तराखण्ड।

चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण

देहरादून : दिनाँक :28 अप्रैल, 2020

विषय – कोरोना वायरस संक्रमण रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु आरोग्य सेतु एप डाउनलोड किये जाने विषयक।

महोदय/महोदया,

जैसा कि आप विदित हैं कि कोरोना वायरस संक्रमण एक अन्तर्राष्ट्रीय जन स्वास्थ्य समस्या के रूप मे परिलक्षित हो रहा है। चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निरन्तर कोरोना वायरस संक्रमण की स्थिति पर निगरानी रखी जा रही है व समीक्षा की जा रही है।

भविष्य में कोरोना वायरस संक्रमण को प्रसारित होने से रोकने के लिए भारत सरकार द्वारा आरोग्य सेतु एप का निर्माण किया गया है। आरोग्य सेतु एप कोरोना वायरस संक्रमण को प्रसारित होने से रोकने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है।

आप सभी से अनुरोध है कि सर्वप्रथम आप अपने मोबाइल फोन में इस एप को डाउनलोड कर इसके समस्त फीचर से भलिभांति परिचित हो जायें। आरोग्य सेतु एप की पूर्ण उपयोगिता के लिए प्रारम्भिक चरण में आपके जनपद में समस्त कोरोना वायरस पुष्टिकृत रोगी व उनके समस्त संपर्क व्यक्ति, स्वास्थ्य कर्मी व अन्य विभागीय कर्मी जो भी कोरोना नियंत्रण गतिविधि में कार्यरत हैं तथा फैसिलिटी व होम क्वारेंटाइन में जो भी व्यक्ति हैं, सबके द्वारा आवश्यक रूप से इस एप को डाउनलोड कर उपयोग किया जाना है।

इसके अतिरिक्त जन सामान्य द्वारा भी इस एप को डाउनलोड कर उपयोग किया जाना है। आप सभी से यह अपेक्षा है कि आप अपने स्तर से समुचित प्रचार–प्रसार करते हुए आरोग्य सेतु एप के डाउनलोड एवं उपयोग हेतु आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय,

28/4/20

(डॉ पंकज कुमार पाण्डेय)
सचिव (प्रभारी)

संख्या : 23प/आई0डी0एस0पी0/COVID 19/2020/ तद्दिनांकित।

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–
प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित, चिकित्सा शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।

1. सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।
2. मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तराखण्ड।
3. महानिदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तराखण्ड।
4. चीफ आपरेशन ऑफिसर, राज्य कोरोना नियंत्रण सैल, उत्तराखण्ड।
5. प्रभारी अधिकारी आई0डी0एस0पी0।

(डॉ पंकज कुमार पाण्डेय)
सचिव (प्रभारी)

Scanned by CamScanner